# नम आंखों से दी गई मां जगदम्बे को विदाई

## दिनभर निकले चल समारोह, जलकुंडों पर उमड़े श्रद्धालु, पुलिस रही मुस्तैद

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** आदि शक्ति मां भवानी को नवरात्र के समापन के विसर्जित किया गया। इस दौरान शहर में दिनभर झांकी समितियों द्वारा चल समारोहो निकाले गए, जो झांकी पांडाल से प्रारंभ होकर विसर्जन कुंड स्थल तक पहुंचे, जहां पर विधिविधान के साथ पूजा अर्चना करने के बाद माता की प्रतिमाओ को विसर्जित किया गया।

दरअसल शहर में करीब एक सैंकड़ा से अधिक स्थानों पर मातारानी के पांडाल सजाये गये थे, जहां पर नौ दिनों तक चलीं माता की भक्ति के बाद महानवमी के दिन हवन पूजन किये गये और दशमी के दिन भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें कन्या सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके बाद चल समारोह निकाला गया, जिसमें डीजे पर बज रहे भक्तिगीतों पर नृत्य करते हुए युवाओं, महिलाओं ने मां जगदम्बे का विदाई। तो वहीं विसर्जन कुंडो पर सुरक्षित की दृष्टि से पुलिस व नपा का महकमा मौजूद रहा।





**माता की विदाई के बाद सुहाग किया वितरित**

यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य मे माता रानी का भव्य दरबार एवं दुर्गा सप्तसती पाठ के साथ जवारे बोये गये थे, जिनका शुक्रवार को घाट पर जाकर विसर्जन किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि नौ दिनो तक चली माता की आराधना के बाद श्रद्धालुओं द्वारा माता रानी को विदाई दी गई। वहीं माता रानी को समर्पित होने के कारण बहुत अच्छा सुभ योग बना हुआ है व्रत का दिन भी है, विदा करते समय सभी श्रद्धालुओ की आंखे नम हो गई। वहीं बाद में सभी को सुहाग के रूप में चूड़ी, बिंदी सहित प्रसादी का वितरण किया गया।

# मां बीजासन के डोला ने दिखाया रुद्र रूप, पुलिस हुई चक्करघिन्नी

नवभारत न्यूज

**पिपरई।** विजयदशमी के अवसर पर कस्बे में वर्षो से मां बीजासन को डोला निकलता है, जो लोगों के बीच श्रद्धा और आस्था का केंद्र है, विगत दिवस निकाला गया डोला इस बार भी चर्चाओ में रहे है, जब डोले का नगर भ्रमण कराया जा रहा था, तो माता ने अपना रूद्र रूप दिखाया, जिसके कारण पुलिस चक्करघिन्नी होती नजर आई।

दरअसल दशहरा पर्व पर निकलने वाला मैया का डोला अपने मंदिर से से निकला जो पूरे कस्वे का भ्रमण किया, इस दौरान लोगों ने प्रसादी भेंट की। मैया का उग्र रूप देखने पुलिस थाना परिसर में मिला जहां पुलिस को ही चकर घिन्नी कर खूब घुमाया। तो पूरा परिसर मैया के जय कारों से गूंज मय हुआ। शाम को केशोपुर रोड स्थित डेम में जल बिहार कराया गया। जिसके बाद मैया का डोला बापिस अपने स्थान मंदिर में बिराजमान किया। बताया जाता है कि यह डोला माँ बिजासन माता का निकलता आ रहा है, जब हमारा देश परतन्त्रता की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। तब माता ने खुशाल पंडा को सपना दिया था कि ग्राम नावनी से पिपरई आने का जब से ही माता यहां बिराजमान है। आज भी नावनी के लोग आकर माता के डोला को उठाते है। बुजुर्ग लोगों की माने तो मैया के नाम की आप भेंट रख दो तो मैया का डोला वह भेंट लेने जरूर आता है।



## एक नजर में

### 75 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार




**अशोकनगर।** पुलिस कप्तान राजीव मिश्रा के निर्देशन में जिलेभर नशा विरोधी अभियान चलाकर अवैध मादक पदार्थो के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रहीं है। इसी कड़ी में विगत दिवस सेहराई पुलिस को कस्वा भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम बिजौरी की तरफ से सोनाई के जंगल बंदला के पास कच्ची शराब लेकर आने वाला है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अति पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर एवं एसडीओपी चन्देरी शैलेन्द्र शर्मा से मार्गदर्शन में प्राप्त कर दबिश की कार्यवाही की गई। मुखवीर की सूचना पर मय फोर्स के रवाना होकर मुखबिर द्वारा बताये स्थान सोनाई के जंगल बंदला के पास पहुंचा तो एक व्यक्ति मोटर साईकिल से बिजौरी तरफ से जंगल के रास्ते से आता हुआ दिखा मोटर साईकिल पर तीन बड़े बड़े ड्रम सफेद रंग की तोलिया से बथे (टंगे) उक्त व्यक्ति को रोका गया और उससे पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपना नाम प्रकाश सांसी पुत्र हरनाम सिंह सांसी निवासी मीरकाबाद मुंगावली का होना बताया। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 75 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब बरामद की, जिसकी कीमत करीवन 11500 रूपये आंकी गई। पुलिस ने इस कार्रवाई में उसकी बाईक भी बरामद करते हुए आरोपी पर आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीवद्ध किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सेहराई उप निरीक्षक धर्मेश दांगी, सहायक उप निरीक्षक रामसिंह नंदया, आरक्षक प्रीतम सिंह, रोहित रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### लंबित प्रकरणों का हुआ निराकरण

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के मार्गदर्शन में जिला अशोकनगर में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया। सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर 2025 को किया गया था तथा समापन 2 अक्टूबर को हुआ। सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत जिले में तीन माह से अधिक लंबित नामांतरण के 203 में से 158 प्रकरण, बंटवारे के तीन माह से अधिक लंबित 49 प्रकरणों में से 47 प्रकरणों का निराकरण किया गया। सेवा पखवाड़ा अभियान में अभिलेख दुरूस्ती के भी 112 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

### बैठक में कलेक्टर ने दिये निर्देश

**अशोकनगर।** कलेक्ट आदित्य सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टर /कमिश्नर कांफ्रेस के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित जिले की जानकारी के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये गए। बैठक में कलेक्टर सिंह ने निर्देशित किया कि कांफ्रेस से संबंधित सभी विभाग के अधिकारी अपनी-अपनी जानकारी पीपीटी में तैयार कर अपडेट कर भिजवाना सुनिश्चित करें। साथ ही योजनावार जिले की प्रगति को प्रदर्शित करते हुए जानकारी भेजी जाएं। उन्होंने विभागवार योजनाओं के संबंध में विस्तार से समीक्षा करते हुए अध्यन जानकारी के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डीएन सिंह एवं संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने किया पंजीयन केंद्र का निरीक्षण

## भावांतर योजना के पंजीयन के लिए जिले में बनाए गए हैं 29 केंद्र

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा शुक्रवार को सेवा सहकारी समिति अशोकनगर का निरीक्षण कर सोयाबीन भावांतर योजना अंतर्गत किसान पंजीयन केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किसान पंजीयन संबंध मे जानकारी ली गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्हों ने निर्देश दिये कि अधिक से अधिक कृषकों का पंजीयन कराये जाए। जिले में 29 पंजीयन केंद्र निर्धारित किए गए है मैदानी अधिकारी कर्मचारी भावांतर योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करे कोई भी किसान वंचित न रहे।

पंजीयन के बाद किसानों को मंडियों में सोयाबीन विक्रय करने पर अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा। सोयाबीन का समर्थन मूल्य 5328 रुपए प्रति क्विंटल है योजना के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय निगरानी समिति एवं मंडियों में निगरानी हेतु नोडल अधिकारियों को नियुक्त किए गये हैं।



उल्लेखनीय है कि सोयाबीन में भावांतर का लाभ पाने के लिये 3 अक्टूबर से कृषक के पंजीयन प्रारंभ हो गये है। यह पंजीयन 17 अक्टूबर तक किये जायेगें। इसके पश्चात 24 अक्टूबर से सोयाबीन की बिक्री प्रारंभ होगी। किसानों को भावांतर योजना के तहत समर्थन मूल्य से कम कीमत मिलने पर अंतर की राशि का भुगतान शासन द्वारा किसानों को किया जायेगा।

**इन केद्रो पर होगा पंजीयन :**

भावातंर योजनांतर्गत कृषकों के सोयाबीन पंजीयन हेतु जिले में 29 पंजीयन केन्द्रों निर्धारित किये गए है। जारी आदेशानुसार पंजीयन केन्द्र सेवा सहकारी समिति मर्यादित रिजौदा ,सेवा सहकारी समिति मर्या तूमेन, सेवा सहकारी समिति मर्या नईसराय, सेवा सहकारी समिति मर्या ढाकोनी,सेवा सहकारी समिति मर्या कदवाया ,सेवा सहकारी समिति मर्या अमरोद ,सेवा सहकारी समिति मर्या कुकरेटा ,सेवा सहकारी समिति मर्या महोली,सेवा सहकारी समिति मर्या मुंगावली ,सेवा सहकारी समिति मर्या ओडेर, सेवा सहकारी समिति मर्या डुंगासरा, सेवा सहकारी समिति मर्या खोरीबरी, ,सेवा सहकारी समिति मर्या पिपरई ,सेवा सहकारी समिति मर्या धुर्रा, ,सेवा सहकारी समिति मर्या सारसखेडी,सेवा सहकारी समिति मर्या रातीखेडा,सेवा सहकारी समिति मर्या पिपरिया पाटखेडा, सेवा सहकारी समिति मर्या हिनोतिया (झीला),सेवा सहकारी समिति मुडरा बहादरा, सेवा सहकारी समिति नादनखेडी,सेवा सहकारी संस्था बडखेडानई, प्राथमिक सेवा सहकारी समिति रावसर, प्राथमिक सेवा सहकारी समिति कचनार ,प्राथमिक सेवा सहकारी समिति करख्या,सेवा सहकारी समिति महूअन, माहिदपुर, प्राथमिक सेवा सहकारी समिति कुनदौरा, पिपरेसरा एवं सेवा सहकारी समिति अथाईखेड़ा पंजीयन केन्द्र बनाये गए है।

# खाद लेने के लिए आपस में भिड़े अन्नदाता, पुलिस ने दी समझाइश

**खाद की समस्या से जूझ रहे किसान**

**वितरण केंद्रो पर लग रहीं लंबी कतारें**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** रबी फसल की बोवनी की तैयारियां किसानों द्वारा की जा रहीं है, जिसके चलते किसान खाद के लिए भटक रहा है,तो वहीं वितरण केंद्रो पर लंबी कतारों में खड़ा हो रहा है। ऐसा ही नजारा शुक्रवार को पुरानी कृषि उपज मंडी में खाद वितरण के लिए टोकन दिए जा रहे थे। इसी दौरान लाइन में लगने को लेकर किसानों के बीच जमकर मारपीट हो गई। सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। कोतवाली थाना प्रभारी रवि प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि यह विवाद लाइन में खड़े एक युवक को लेकर शुरू हुआ, जिसके बाद दोनों पक्षों के किसान आपस में भिड़ गए। पुलिस ने उत्पात मचा रहे एक युवक को हिरासत में ले लिया। युवक का कहना था कि वह अपने परिवार को वीडियो कॉल पर भीड़ दिखा रहा था, तभी कुछ लोगों ने विवाद शुरू कर दिया। उल्लेखनीय है कि रबी की फसल बोने की तैयारी कर रहे किसानों को इस समय खाद के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। टोकन वितरण की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में किसान सुबह 4 बजे से ही मंडी में लाइन लगाकर खड़े हो गए थे। दोपहर तक गर्मी के कारण किसान उग्र होने लगे थे। इस दौरानकिसानों का कहना है कि उन्हें अधिकतम पांच बोरी खाद दी जा रही है, जो फसल के लिए बहुत कम है। विवाद बढ़ने पर अतिरिक्त पुलिस बल को व्यवस्था बनाने के लिए बुलाना पड़ा। इससे पहले भी कुछ लोग खाद वितरण में अव्यवस्था फैला रहे थे, जिन्हें पुलिस ने नियंत्रित किया था। वहीं पर्याप्त खाद न मिलने से किसानों में भारी रोष है।

# राज्याभिषेक के साथ रामलीला का समापन

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल द्वारा सुभाषगंज स्थित रामलीला मंच पर रामलीला का आयोजन किया जा रहा था, जिसका समापन गुरूवार की रात्रि भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ किया गया। इसके बाद उपस्थित अतिथियों द्वारा कलाकारों को पुरूस्कार वितरण किये।

लीला का प्रारंभ भगवान गणेश, रामायण, रामजी और हनुमान जी की आरती के साथ किया गया। इसके बाद लीला का प्रथम दृश्य दिखाया गया, जिसमें रावण को उसके पुत्र अहिरावण के मरने की सूचना मिलती है, रावण बहुत दुखी होता है और युद्ध में स्वयं जाने का निर्णय लेता है। इसके बाद राम रावण का बहुत ही शानदार युद्ध होता है। युद्ध में बार-बार प्रयास करने पर भी रावण नहीं मरता है, तब विभीषण द्वारा रामजी को रावण की नाभि में अमृत होने की बात बतलाई जाती है, जिसके बाद राम जी नाभि में प्रहार करते हैं और रावण राम-राम कहकर जमीन पर गिर जाता हैं, फिर राम जी लक्ष्मण से रावण से नीति शास्त्र का ज्ञान लेने को भेजते हैं रावण शिक्षा देते हुए कहते हैं अच्छा काम जितने जल्दी हो सके करें व गलत काम जितना टाल सके उतना टालें, साथ ही रावण ने कहा अभिमान किसी भी रूप में हो सदा बहुत बुरा होता है चाहे रंग रूप का, राज का भक्ति का या शक्ति का हो इसलिए कभी अभिमान नहीं करना चाहिए, आज मुझे देखो में भी अभिमान के बषिभूत होकर राम के धाम जा रहा हूं और फिर राम-राम कहकर रावण स्वर्ग सिदार गया।



# राष्ट्रपिता के आदर्श ने बदल दिया मानव इतिहास

**छात्र-छात्राओं को प्राचार्य ने किया संबोधित**

**महात्मा गांधी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित**

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156 वी जयंती पर शासकीय माधव महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. व्हीके पांडेय ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उन्होंने बताया कि राष्ट्रपिता के आदर्श ने मानव इतिहास की दिशा को बदल दिया है और भारत के विकास की दिशा तय कर रहे है। इसी तारतम्य में डा अर्पिता तिवारी ने एक कहा कि बापू ने स्वावलंबी आत्मनिर्भर और शिक्षित भारत के निर्माण के लिए चरखा चलाकर आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। वहीं प्रो.हरनाम सिंह ने कहा कि गांधी दर्शन द्वारा ही दुनिया में शांति स्थापित की जा सकती है अत: छात्रों व महाविद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए कहा बापू के आदर्शों को हमें अपने जीवन में पालन करना चाहिए इसके तत्पश्चात डॉ सबल सिंह ओहरिया ने कहा राष्ट्र को सशक्त करने के लिए सेवा करुणा की शक्ति की आवश्यकता है। इनके साथ ही कार्यक्रम को डीएस चौधरी, प्रकोष्ठ प्रभारी डा संजीव कुमार राजपूत ने संबोधित किया। इस मौके पर डा कृष्ण गोपाल भार्गव सहित छात्र-छात्राओं उपस्थित रहे।



**धर्म-कर्म**

## नवीन वेदी पर हुई जगत कल्याण की कामना से महा शांतिधारा

# महान आत्माएं निंदा भी करते हैं तो बहुत संभालकर : सुधासागर

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** महान आत्माएं निंदा भी करते हैं तो भी बहुत संभालकर और बहुत अच्छी भाषा में करते हैं, निंदा कोई बुरी चीज नहीं है महान आत्माएं निंदा करते हुए भी सुधारने का भाव रखता है क्योंकि निंदा का उद्देश्य कभी किसी को नीचे गिरना नहीं होता, बल्कि उसे पुन: अपने मार्ग में स्थित करना होता है और होना ही चाहिए यदि निंदा का उद्देश्य किसी को मार्ग से भटकाना मार्ग से ही बेदखल करना हो गया तो वह कभी सुधर नहीं पायेगा। शुद्ध भाव नहीं शुद्ध भोजन करना अनिवार्य कहा गया है इसमें भी देने वाला शुद्ध हो और जिस स्थान पर भोजन दिया जा रहा है जहां वन रहा है वह भी शुद्ध होने का उल्लेख किया गया ये सब चीजें तो अनादि अनंत से चल आ रही है इसलिए तो कहा गया है जैसा खावें अन्य वैसा होवे मन अन्य से मन को जोड़ा गया है मन की शुद्धि के लिए भी भोजन की शुद्धि अनिवार्य है उक्त आशय के उद्गार सुभाषगंज मैदान में चल रहे स्नातक सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्रमण शिरोमणि मुनि पुगंव श्री सुधासागर महाराज ने व्यक्त किए।



इस दौरान उन्होंने कहा कि धर्म ध्यान के साथ ही आर्त ध्यान और रोद्र को भी ध्यान में लिया गया वैसे आरत ध्यान, रोद्र ध्यान को अच्छा नहीं माना जा सकता। ज्ञान और ध्यान का प्रसंग है, ज्ञान के साथ ध्यान किया जाता है तो वह परिणाम देता है। उन्होंने कहा कि धनको ही धनी नहीं कहा जा सकता धनी धन के बिना भी हो सकता है, धन का नाम धनी ज्ञान के बिना ज्ञाता नहीं है, ध्यान चारित्र की पर्याय है ज्ञान नहीं है। आनंद लेने वाला ज्ञान है या ज्ञानी छहडाला कार ने ज्ञानी के छिन माह विषय शब्द आया है। इस प्रकार ये आध्यात्मिक गुत्थीया कह लाती है आध्यात्मिक एक पानक है सम्यक दर्शन ज्ञान चारित्र को ध्यान कहा गया है। इसमें मात्र आनंद की अनुभूति होती है परम पूज्य आचार्य श्री कुंद-कुंद स्वामी द्वारा विरचित श्री अष्टपाहुड जी ग्रान्थ मन के भटकाव को रोकने के लिए ध्यान किया जाता है, योग जो हो रहें हैं वह मन को एकाग्र कराने का मार्ग है ध्यानाभाष है ध्यान अलग चीज नहीं है व्यक्ति को अनैतिकता से बचाने के लिए कोई कार्य करता है तो ठीक है।

**हुई महा शान्ति धारा :**

आचार्य श्री विद्यासागर भवन में नवीन भव्य वेदी पर शुक्रवार को परम पूज्य आध्यात्मिक संत श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के साथ एवं प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भैया के कुशल निर्देशन में गंज मन्दिर से भगवान का श्री विहार हुआ और प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भैया के मंत्रोच्चार के बीच भगवान को नवीन वेदी पर विराजमान किया गया। इसके बाद जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा की गई।



# सायबर सुरक्षा के लिए निकली बाइक रैली

नवभारत न्यूज

**शाढ़ौरा।** माह अक्टूबर राष्ट्रीय सायबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के निर्देशन में, थाना प्रभारी शाढ़ौरा निरीक्षक ऋतु चौहान द्वारा मय थाना स्टाफ के साथ शाढ़ौरा नगर में सायबर जागरूकता बाइक रैली निकाली गई। इस बाइक रैली में नगर के गणमान्य नागरिक, विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थी, शासकीय-अशासकीय संस्थानों के कर्मचारी तथा जनप्रतिनिधिगण उत्साहपूर्वक शामिल हुए। रैली के दौरान नागरिकों को सायबर अपराधों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई एवं पेम्पलेट्स वितरण कर डिजिटल सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने का संदेश प्रदान किया गया।